F. No. A-11011/22/2005-N/DGHS
Government of India/ भारत सरकार
Ministry of Health & Family Welfare/ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
Directorate General of Health Services/ स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
Nursing Section/ नर्सिंग अनुभाग

***

Room No. 747-A, Nirman Bhawan, New Delhi - 110011
Dated the 31st January, 2022

**VACANCY CIRCULAR**

It is proposed to fill up one (01) vacant post of Professor-cum-Principal in Pay Level-13 (Rs. 1,23,100-2,15,900/-) of the Pay Matrix (Pay Band-4 (Rs.37,400-67,000) with Grade Pay Rs. 8700] in pre-revised scale of pay) in Rajkumari Amrit Kaur College of Nursing, Lajpat Nagar, New Delhi by Composite method (on deputation (including short-term contract) plus Promotion) basis from the officers of Central or State Government or Union Territories or staturoty or Autonomous Organisations or Public Sector Undertakings or Universities or Research Institutions:-

(A) (i) holding analogous post on regular basis in the Parent Cadre/Department; or
(ii) with five years' service rendered after appointment thereto on regular basis in Level-12 in the pay matrix or equivalent in the parent cadre or department

**And**

(B) Possessing the following educational qualifications and experience:

(i) Masters Degree in Nursing from a recognized University;
(ii) Registered as a Nurse and Midwife with State Nursing Council;

**And**

**Experience:**

(iii) Fifteen years experience with M.Sc. (Nursing) out of which twelve years should be teaching experience with Minimum of five years in Collegiate Programme;
(iv) Three years experience in administration in Nursing in State or Union Territories or Central Government.

Desirable:
M.Phil/Ph.D. in Nursing

Note 1: The departmental Vice-Principal in Level-12 in the Pay Matrix with five years of regular service in the grade and having the educational qualifications and experience prescribed for considering appointment on deputation basis is considered along with outsiders. If the departmental candidate is selected for appointment to the post, it shall be treated as having been filled by promotion.

Note 2: Period of deputation (including short term contract) including period of deputation (including short term contract) in another Ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other Organisation or Department or the Central Government shall ordinarily not to exceed four years. The maximum age limit for appointment by deputation (including short term contract) shall be not exceeding fifty-four years, as on the closing date of receipt of application.

2. It is requested to forward the applications of interested and eligible officers in the enclosed proforma through proper channel so as to reach the undersigned **within 60 days from the date of publication of this circular in the Employment News**. While forwarding the applications, it may please be ensured that the particulars of the candidates are duly verified. The application must be forwarded alongwith the following documents:
(i) Original/attested photocopies of the APARs for the last 5 years
(ii) Vigilance Clearance Certificate
(iii) Integrity Certificate
(iv) No Major/Minor penalty certificate for the last 10 years

3. Application received without aforesaid documents, prescribed proforma of application or after prescribed date, shall be summarily rejected.

**Encl.: Proforma of Application**

31/1/2022
(SANJAY KATIYAR)
DEPUTY DIRECTOR
TELE. 011-23061978

To,

1) All Ministries/Department of Government of India (as per standard list)
2) State Government/Union Territories through Secretary (Health) of concerned State Government
3) All Sections/Desks/Cells/Units in the Department of Health
4) Admn. I/II Section, O&M Section, General Section (for uploading the Vacancy Circular on Directorate Web site), Dte. GHS
5) Employment News, Publication Division, Ministry of Information & Broadcasting, Government of India, 7th Floor, Soochna Bhawan, C.G.O.Complex, Lodhi Road New Delhi - 110003. It is requested that the Vacancy Circular may kindly be published in the earliest issue of Employment News under intimation to this Directorate.
6) Director (e-gov), D/o Health & Family Welfare, New Delhi with a request to upload the same on Ministry's Websit
7) Notice Board/Guard File

**Post applied for : ______________________**

# CURRICULAM VITAE

| | |
|---|---|
| **1.** Name & Address (in Block Letters) | |
| **2.** Date of Birth (in Christian era) | |
| **3.** i) Date of entry into service | |
| ii) Date of retirement under Central/State Govt. Rules | |
| 4. **Education Qualifications** | |
| 5. Whether Educational and other qualifications required for the post are satisfied. | |
| Qualification/Experience required as mentioned in the advertisement/vacancy circular | |
| **Essential** | |
| A) **Qualification** | |
| Master degree in Nursing | |
| Registered as Nurse and Midwife with State Nursing Council (Regd. No.) | |
| B) **Experience** | |
| 15 years experience with M.Sc. (N) out of which 12 years in collegiate prog | |
| 3 years experience in administration in Nursing in State/UT/Central govt. | |
| **Desirable** | |
| M.Phil/Ph.D in Nursing | |
| 6. Please state clearly whether in light of entries made by you above, you meet the requisite Essential Qualification and work experience for the post | |

7. Details of Employment in chronological order

| Office/Institution | Post held on Regular basis | From | To | Pay Band and Grade Pay/Pay Scale | Nature of Duties |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

Details of ACP/MACP with present Pay Band and Grade Pay

| Office/Institution | Pay, Pay Band and Grade Pay drawn under ACP/MACP Scheme | From | To |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| 8. Nature of present employment i.e., Ad-hoc, Temporary or Quasi-Permanent or Permanent | |
| 9. In case the present employment is held on deputation/contract basis, please state | |
| 10. If any post held on deputation in the past by the applicant, date of return from the last deputation and other details | |

| | |
|---|---|
| 11. Additional details about employment please state whether working under (indicate the name of present employer)<br>a) Central Government<br>b) State Government<br>c) Autonomous Organisation<br>d) Government Undertaking<br>e) Universities<br>f) Other (please specify) | |
| 12. Please state whether you are working in the same Department and are in the feeder grade or feeder to feeder grade | |
| 13. Are you in Revised Scale of Pay? | |
| 14. Total emoluments per month now drawn | |
| Basic Pay in the PB \| Grade Pay \| Total Emoluments | |
| | |
| 15. In case the applicant belongs to an Organization which is not following Central Government Pay Scale, the latest salary slip issued by the Organization showing the following details may be enclosed | |
| 16. A. Additional Information<br>i) Additional Academic Qualification<br><br>ii) Professional Training<br><br>iii) Work Experience | |
| 16.B. Achievements, if any | |
| 17. Please state whether you are applying for deputation (ISTC)/Absorption/Re-employment Basis | |
| 18. Whether belongs to SC/ST | |

I have carefully gone through the vacancy circular/advertisement and I am well aware that the information furnished in the Curriculum Vitae duly supported by the documents in respect to Essential Qualification/Work Experience submitted by me will also be assessed by the Selection Committee at the time of selection of the post. The information/details provided by me are correct and true to the best of my knowledge and no material fact having a bearing on my selection has been suppressed/withheld.

(Name of the Applicant)
Address:
Contact No.

Dated :

फा. सं. ए-11011/22/2005-एन/डीजीएचएस

भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

(नर्सिंग अनुभाग)

कमरा सं. 747-ए, निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011

दिनांक: 31 जनवरी, 2022

## रिक्ति परिपत्र

राजकुमारी अमृतकौर नर्सिंग कॉलेज, लाजपत नगर, नई दिल्ली में वेतन मैट्रिक्स में स्तर-13 (1,23,100-2,15,900/- रुपये) [(पूर्व-संशोधित वेतनमान में 8700/- रुपये के ग्रेड वेतन के साथ वेतन बैंड-4 (37,400-67,000 रुपये)] में प्रोफेसर-सह-प्रधानाचार्य के एक (01) रिक्त पद को केंद्रीय या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र या कानूनी या स्वायत्त संगठनों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या अनुसंधान संस्थानों के ऐसे अधिकारी से संयुक्त पद्धति [प्रतिनियुक्ति(जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) + पदोन्नति] द्वारा भरने का प्रस्ताव है :-

(क) (i) जो मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या

(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-12 या समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात पाँच वर्ष की सेवा की है;

और

(ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभाव हैं :

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से नर्सिंग में स्नातकोत्तर डिग्री;

(ii) राज्य नर्सिंग परिषद में नर्स और मिडवाइफ के रूप में रजिस्ट्रीकृत;

और

<u>अनुभव:</u>

(iii) एम.एससी (नर्सिंग) के साथ पंद्रह वर्ष का अनुभव, जिसमें कॉलेजिएट कार्यक्रम में न्यूनतम पांच वर्ष के साथ बारह वर्ष शिक्षण का अनुभव हो;

(iv) किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र या केन्द्र सरकार में नर्सिंग में प्रशासन का तीन वर्ष का अनुभव।

वांछनीय :

नर्सिंग में एम.फिल/पीएच.डी

<u>टिप्पण 1</u> : बाहरी व्यक्तियों के साथ वेतन मैट्रिक्स के स्तर-12 में ऐसे विभागीय उप-प्रधानाचार्य पर विचार किया जाएगा जिन्होंने उस ग्रेड में पाँच वर्ष की नियमित सेवा की है और जो प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु विहित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव रखते हैं । यदि पद पर नियुक्ति के लिए किसी विभागीय अभ्यर्थी का चयन किया जाता है, तो पद को पदोन्नति द्वारा भरा गया माना जाएगा।

टिप्पण 2 : प्रतिनियुक्ति की अवधि(जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है), जिसमें केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि(जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) है, साधारणतया चार वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा नियुक्ति के लिएं अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को चौवन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

2. अनुरोध है कि पात्र और इच्छुक अधिकारियों के आवेदन, संलग्न प्रोफॉर्मा में, उचित माध्यम से इस प्रकार से अग्रेषित करें, ताकि आवेदन इस परिपत्र के रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को पहुँच जाएं। आवेदन को अग्रेषित करने से पहले यह सुनिश्चत कर लें कि अभ्यर्थी के दस्तावेज़ विधिवत रूप से सत्यापित कर लिए गए हैं। आवदेन निम्नलिखित दस्तावेज़ों के साथ अग्रेषित किये जाने चाहिए :

(i) पिछले पाँच वर्ष की एपीएआर की मूल/अनुप्रमाणित प्रतियां
(ii) सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र
(iii) सत्यनिष्ठा का प्रमाण-पत्र
(iv) इस आशय का प्रमाणपत्र कि पिछले 10 वर्ष में अभ्यर्थी पर कोई बड़ा/छोटा दंड नहीं लगाया गया है

3. उपर्युक्त दस्तावेज़ों के बिना या जो आवेदन विहित प्रोफॉर्मा में नहीं पाये जाते हैं या अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को सरसरी तौर पर ही अस्वीकार कर दिया जाएगा।

अनुलग्नक : आवदेन का प्रोफॉर्मा

सं.उ.प
31/1/2022
(संजय कटियार)
उप निदेशक
दूरभाष : 011-23061978

सेवा में,

1) भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक सूची के अनुसार)
2) संबंधित राज्य सरकार के सचिव (स्वास्थ्य) के माध्यम से राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र
3) स्वास्थ्य विभाग के सभी अनुभाग/डेस्क/प्रकोष्ठ/इकाइयां।
4) स्वास्थ सेवा महानिदेशालय के प्रशासन I/II अनुभाग, ओ एंड एम अनुभाग, सामान्य अनुभाग (रिक्ति पत्र को निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए)।
5) रोज़गार समाचार, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, 7वां तल, सूचना भवन, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003 को इस अनुरोध के साथ कि इस महानिदेशालय को सूचित करते हुए रिक्ति परिपत्र को रोज़गार समाचार के शीघ्रतम प्रकाशित होने वाले संस्करण में प्रकाशित करें।
6) निदेशक(ई-गव), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, नई दिल्ली को यह परिपत्र मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।
7) नोटिस बोर्ड/गार्ड फाइल।

पद जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है: ........................................................

## जीवन-वृत्त

| | |
|---|---|
| 1. नाम एवं पता(स्पष्ट अक्षरों में) | |
| 2. जन्म तिथि(ईसवी सन् में) | |
| 3. i) सेवा में प्रवेश की तिथि<br>ii) केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| 4. शैक्षिक अर्हताएं | |
| 5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं रखते हैं? | |
| विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित अपेक्षित अर्हताएं/अनुभव | |
| अनिवार्य | |
| क) अर्हताएं | |
| नर्सिंग में स्नातकोत्तर डिग्री | |
| राज्य नर्सिंग परिषद में नर्स और मिडवाइफ़ के रूप में रजिस्ट्रीकृत (रजिस्ट्रीकरण संख्या) | |
| ख) अनुभव<br>एम.एससी(नर्सिंग) के साथ पंद्रह वर्ष का अनुभव, जिसमें कॉलेजिएट कार्यक्रम में न्यूनतम पांच वर्ष के साथ बारह वर्ष शिक्षण का अनुभव हो | |
| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/केंद्र सरकार में नर्सिंग में प्रशासन का तीन वर्ष का अनुभव | |
| वांछनीय<br>नर्सिंग में एम.फिल/पीएच.डी | |
| 6. आपके द्वारा की गई उपर्युक्त प्रविष्टियों के अनुसार, कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आप पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य अर्हताओं एवं कार्य अनुभव को पूरा करते हैं? | |

7. कालक्रमानुसार रोजगार का विवरण

| कार्यालय/संस्थान | नियमित आधार पर धारित पद | से | तक | वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड वेतन के साथ एसीपी/एमएसीपी का विवरण

| कार्यालय/संस्थान | एसीपी/एमएसीपी योजना के तहत आहरित वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन | से | तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| 8. वर्तमान रोजगार की प्रकृति, अर्थात तदर्थ या अस्थायी या स्थायीवत् या स्थायी: | |
| 9. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर धारण किए हुए हैं तो कृपया बताएं: | |

<table>
<tr><td colspan="3">10. क्या पहले भी आवेदक द्वारा प्रतिनियुक्ति पर पद धारण किया गया है? यदि हाँ, तो पिछली प्रतिनियुक्ति से वापिस आने की तारीख तथा अन्य विवरण</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="3">11. वर्तमान रोजगार के संबंध में अतिरिक्त जानकारी, कृपया बताएं कि आप किसके तहत कार्यरत हैं(उचित कॉलम के सामने वर्तमान नियोक्ता का नाम इंगित करें):<br>(क) केंद्रीय सरकार<br>(ख) राज्य सरकार<br>(ग) स्वायत्त संगठन<br>(घ) सरकारी उपक्रम<br>(ङ) विश्वविद्यालय<br>(च) अन्य(कृपया इंगित करें)</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="3">12. कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड में हैं या फीडर ग्रेड के फीडर में हैं:</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="3">13. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं?</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="3">14. वर्तमान में प्रति माह आहरित कुल परिलब्धियाँ</td><td></td></tr>
<tr><td>वेतन बैंड में मूल वेतन</td><td>ग्रेड वेतन</td><td>कुल परिलब्धियाँ</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="3">15. यदि आवेदक किसी ऐसे संगठन से संबद्ध है जो केंद्र सरकार के वेतनमान का अनुसरण नहीं करता है, तो संगठन द्वारा जारी किया गया नवीनतम वेतन स्लिप संलग्न करें जिसमें निम्नलिखित विवरण हों</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="3">16. क. अतिरिक्त जानकारी<br>i) अतिरिक्त शैक्षिक अर्हताएँ<br>ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण<br>iii) कार्य अनुभव</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="3">16. ख. उपलब्धियाँ, यदि कोई हो</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="3">17. कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति(जिसमें अल्पकालिक संविदा शामिल है)/आमेलन/पुनर्नियोजन आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन कर रहे हैं?</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="3">18. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं?</td><td></td></tr>
</table>

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मुझे अच्छी तरह से मालूम है कि मेरे द्वारा जीवन-वृत्त के साथ प्रस्तुत अनिवार्य अर्हता/कार्य अनुभव के संबंध में विधिवत रूप से प्रस्तुत दस्तावेजों का मूल्यांकन, चयन समिति के द्वारा पद के चयन के समय भी किया जाएगा। मेरे द्वारा दी गयी सभी जानकारी/विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही और सत्य है तथा मेरे चयन पर असर डालने वाले किसी भी तथ्य को छुपाया/रोका नहीं गया है।

**अभ्यर्थी का नाम:**

**पता:**

**संपर्क संख्या:**

दिनांक: